# शिक्षा निदेशालय , राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

# Directorate of Education, GNCT of Delhi

**अभ्यास प्रश्न पत्र/ Practice Paper**

**कक्षा / Class – VI (2022-23)**

**सामाजिक विज्ञान (Social Science)**

Duration: 2 hours 30 min. Max. Marks: 60

## सामान्य निर्देशः

(i) यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है- खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ एवं खण्ड ड.। इस प्रश्न पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।

(iii) प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।

(iv) खण्ड क [प्रश्न संख्या 1 (i) से (xii) तक] में 1 अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।

(v) खण्ड ख (प्रश्न संख्या 2 से 5) में, 3 अंक वाले अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vi) खण्ड ग (प्रश्न संख्या 6 एवं 7) में, 4 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vii) खण्ड घ (प्रश्न संख्या 8 एवं 11) में 6 अंक वाले योग्यता आधारित/ स्रोत आधारित प्रश्न हैं।

(viii) खण्ड ड. (प्रश्न संख्या 12) में एक मानचित्र आधारित प्रश्न 4 अंकों का है।

(ix) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

## General Instructions:

(i) The question paper is divided into five sections- Section A, Section B, Section C, Section D and Section E. The question paper has 12 questions in all.

(ii) All questions are compulsory; however internal choices are given in some questions. Attempt any one of them.

(iii) Marks are indicated against each question.

(iv) Section A [Question number 1(i) to 1(xii)] has objective questions of 1 mark each.

(v) Section B [Questions from serial number 2 to 5] are short answer type questions of 3 marks each. Answer of these questions should not exceed 40 words each.

(vi) Section C [Questions from serial number 6 and 7] are long answer type questions of 4 marks each. Answer of these questions should not exceed 80 words each.

(vii) Questions from serial number 8 to 11 are competency based/source based questions, carrying of 6 marks each.

(viii) Question number 12 is a map-based question of 4 marks.

(ix) Separate questions are given for **visually impaired student only** in lieu of map based question number12.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **खंड क /Section A**<br>**प्रश्न संख्या (i) से (xii) तक के प्रश्नों में उचित विकल्पों का चयन कीजिए।**<br>**In question numbers (i) to (xii), select the appropriate alternatives.** | 12x1=12 |
| (i) | अन्य लोगों को नकारात्मक रूप से आंकना या उन्हें हीन समझना कहलाता है-<br>(a) रूढ़िवादी धारणा<br>(b) पूर्वाग्रह<br>(c) समानता<br>(d) इनमें से कोई नहीं<br>अथवा<br>जब हम सभी लोगों को एक ही छवि में बाँध देते हैं या उनके बारे में पक्की धारणा बना लेते हैं, तो उसे ………………धारणा कहते है।<br>(a) पूर्वाग्रह<br>(b)रूढ़िवादी<br>(c) न्याय<br>(d) इनमें से कोई नहीं<br>To judge other people negatively or see them as inferior is called-<br>(a) Stereotype<br>(b) Prejudice<br>(c) Equality<br>(d) None of these<br>OR<br>When we bind all people in a single image or make a firm impression about them, then it is called …………..-<br>(a) Stereotypes<br>(b)Prejudice<br>(c) Justice<br>(d) None of these | 1 |
| (ii) | "धर्मनिरपेक्षता" शब्द का अर्थ है-<br>(a) लोग अपनी पसंद का काम चुनने के लिए स्वतंत्र हैं।<br>(b) लोगों को अपनी भाषा बोलने और अपने आप को खुले रूप से अभिव्यक्त करने की आज़ादी होनी चाहिए।<br>(c) विभिन्न धर्मों और विश्वास के लोगों को बिना किसी भेदभाव के अपने धर्म का पालन करने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है।<br>(d) सभी के पास समान अधिकार और अवसर हैं।<br><br>The term “secularism” means-<br>(a) People are free to choose the kind of work they wish to do.<br>(b) People must have the freedom to speak their language and express themselves freely.<br>(c) People of different religions and faiths have the freedom to practise and follow their religion without any fear of discrimination.<br>(d) Everyone has equal rights and opportunities. | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | ग्राम सभा एक पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी …………… की सभा होती है।<br>(a) बच्चों<br>(b) वयस्कों<br>(c) पुरुषों<br>(d) महिलाओं<br>अथवा<br>कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र ................. या उससे ज़्यादा हो, जिसे वोट देने का अधिकार प्राप्त हो और जिसका नाम गाँव की मतदाता सूची में हो, वह ग्राम सभा का सदस्य होता है।<br>(a) 15 वर्ष<br>(b) 20 वर्ष<br>(c) 18 वर्ष<br>(d) 25 वर्ष<br><br>The Gram sabha is a meeting of all ……………. who lived in the area covered by a Panchayat.<br>(a) Children<br>(b) Adults<br>(c) Men<br>(d) Women<br>OR<br>Anyone who is …………….old or more and who has the right to vote is a member of the Gram Sabha.<br>(a) 15 years<br>(b) 20 years<br>(c) 18 years<br>(d) 25 years | 1 |
| (iv) | पंचायत सचिव की नियुक्ति……………. के द्वारा होती है।<br>(a) ग्राम सभा<br>(b) ग्राम पंचायत<br>(c) सरकार<br>(d) सरपंच<br><br>Panchayat Secretary is appointed by the …………...<br>(a) Gram Sabha<br>(b) Gram Panchayat<br>(c) Government<br>(d) Sarpanch | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (v) | निम्नलिखित में से सौरमंडल का सबसे बड़ा पिंड कौन-सा है?<br>(a) सूर्य<br>(b) पृथ्वी<br>(c) मंगल<br>(d) शनि<br>अथवा<br>सूर्य की पृथ्वी से दूरी है –<br>(a) लगभग 15 करोड़ किलोमीटर<br>(b) लगभग 25 करोड़ किलोमीटर<br>(c) लगभग 15 लाख किलोमीटर<br>(d) लगभग 20 किलोमीटर<br><br>Which of the following is the largest body of the solar system?<br>(a) Sun<br>(b) Earth<br>(c) Jupiter<br>(d) Saturn<br>OR<br>Distance from the Earth to the Sun is-<br>(a) Approximately 15 crore km<br>(b) Approximately 25 crore km<br>(c) Approximately 15 lakh km<br>(d) Approximately 20 km | 1 |
| (vi) | सामान्यतः आप एक महीने में कितनी बार पूर्णिमा (पूरे चाँद वाली रात) को देख सकते हैं?<br>(a) 1<br>(b) 2<br>(c) 3<br>(d) 4<br>How many times can you generally see full moon night in a month?<br>(a) 1<br>(b) 2<br>(c) 3<br>(d) 4 | 1 |
| (vii) | ध्रुव तारा …………… दिशा को इंगित करता है।<br>(a) दक्षिण<br>(b) पूर्व<br>(c) पश्चिम<br>(d) उत्तर<br>The Pole Star indicates the …………… direction.<br>(a)South<br>(b)East<br>(c)West<br>(d)North | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (viii) | चंद्रमा का व्यास पृथ्वी के व्यास का लगभग.................है।<br>(a) एक-तिहाई<br>(b) आधा<br>(c) एक-चौथाई<br>(d) दो-तिहाई<br>अथवा<br>चंद्रमा, पृथ्वी का एक चक्कर लगभग कितने दिन में पूरा करता है?<br>(a) 15 दिन<br>(b) 30 दिन<br>(c) 27 दिन<br>(d) 40 दिन<br>The moon's diameter is approximately ............that of the earth.<br>(a) One-third<br>(b) Half<br>(c) One-fourth<br>(d) Two-third<br>OR<br>In approximately how many days does the Moon complete one revolution of the Earth?<br>(a) 15 days<br>(b) 30 days<br>(c) 27 days<br>(d) 40 days | 1 |
| (ix) | खाद्य-संग्राहक के औजार बने होते थे-<br>(a) पत्थर (b) लकड़ी (c) हड्डी (d) ये सभी<br><br>The tools of hunter-gatherers were made of-<br>(a) Stone (b) Wood (c) Bone (d) All of these | 1 |
| (x) | आज से बीस लाख साल पहले जो लोग भारतीय उपमहाद्वीप में रहा करते थे, उनको भोजन का इंतजाम करने की विधि के आधार पर किस नाम से जानते हैं?<br>(a) आर्य<br>(b) हड़प्पा के लोग<br>(c) आखेटक खाद्य-संग्राहक<br>(d) इनमें से कोई नहीं<br>By what name are the people who used to live in the Indian subcontinent two million (20 Lakhs) years ago, on the basis of the method of arranging their food known as?<br>(a) Aryans<br>(b) Harrapans<br>(c) Hunter-gatherers<br>(d) None of these | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (xi) | आखेटक- खाद्य-संग्राहक एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों घूमते रहते थे?<br>(a) एक स्थान पर उपलब्ध सभी संसाधनों के समाप्त होने पर<br>(b) मौसमी फल एवं पौधों की तलाश में<br>(c) (a) और (b) दोनों<br>(d) इनमें से कोई भी नहीं<br><br>Why did Hunter gatherers move from one place to another?<br>(a) After exhaustion of all the available resources of given place.<br>(b) In search of seasonal fruits and plants<br>(c) Both (a) and (b)<br>(d) None of these | 1 |
| (xii) | आखेटक- खाद्य-संग्राहक आग का इस्तेमाल किन कार्यों के लिए करते थे?<br>(a) प्रकाश के लिए<br>(b) मांस भुनने के लिए<br>(c) खतरनाक जानवरों को दूर भागने के लिए<br>(d) उपरोक्त सभी<br><br>For what works did the hunter gatherers use fire?<br>(a) As a source of light<br>(b) To roast meat<br>(c) To scare animals<br>(d) All of the above | 1 |
| | **खंड ख /Section B**<br>**लघु उत्तरीय प्रश्न (2 से 5)/Short Answer Type Question(2 to 5)** | 3x3=9 |
| 2 | पृथ्वी को सौरमंडल का सबसे अद्भुत ग्रह क्यों कहा जाता है?<br>अथवा<br>ध्रुव तारे की सहायता से आप रात के समय दिशाओं का निर्धारण कैसे कर सकते हैं?<br>Why is the earth called a unique planet in the solar system?<br>OR<br>How can you determine direction during the night with the help of the Pole Star? | 3 |
| 3 | जब भारत में शाम के 5:30 बजते हैं तब लंदन मे दोपहर के 12:00 बजते हैं। कारण स्पष्ट कीजिए।<br><br>When it is 5.30 P.M. in India than London clocks 12.00 Noon? Give reason. | 3 |
| 4 | खेती करने वाले लोग एक ही स्थान पर लंबे समय तक क्यों रहते थे?<br>Why did people who grow crops have to stay at same place for long time? | 3 |
| 5 | कृषकों-पशुपालकों का जीवन आखेटक-खाद्य संग्राहकों के जीवन से कितना भिन्न था?<br><br>In which ways the lives of farmers and herders would have been different from that of hunter gatherers? | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ग/Section C**<br>दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न (6 और 7)/Long Answer Type Question(6 and 7) | 4x2=8 |
| 6 | पृथ्वी के तीन ताप कटिबन्ध कौन से हैं? संक्षेप में बताइए।<br>अथवा<br>प्रमुख याम्योत्तर से अंतरराष्ट्रीय मानक समय की गणना कैसे की जाती है?<br><br>What are the three heat zones of the Earth? Answer briefly.<br>OR<br>How is the international standard time calculated from the Prime Meridian? | 4 |
| 7 | ग्राम सभा का क्या महत्व है? संक्षेप में बताइए। क्या आपको लगता है कि सभी लोगों को ग्राम सभा की बैठक में हिस्सा लेना चाहिए? क्यों?<br><br>What is the importance of the Gram Sabha? Mention briefly. Do you think all people should attend the meetings of Gram Sabha? Why? | 4 |
| | **खंड घ/Section D**<br>**क्षमता आधारित प्रश्न (8 से 11)/Competency based Question(8 to 11)** | 4x6=24 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | **दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>भेदभाव तब होता है जब लोग पूर्वाग्रहों या रूढिबद्ध धारणाओं के आधार पर व्यवहार करते हैं। अगर आप लोगों को नीचा दिखाने के लिए कुछ करते हैं, अगर आप उन्हें कुछ गतिविधियों में भाग लेने से रोकते हैं, किसी खास नौकरी को करने से रोकते हैं या किसी मोहल्ले में रहने नहीं देते, एक ही कुएँ या हैंडपंप से पानी नहीं लेने देते और दूसरों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे कप या गिलास में चाय नहीं पीने देते तो इसका मतलब है कि आप उनके साथ भेदभाव कर रहे हैं।<br>8.1 "लड़के, लड़कियों पर टिप्पणी कर रहे हैं कि लड़कियाँ उनकी तरह नहीं खेल सकतीं।"इस स्थिति में लड़के की टिप्पणी कहलाती है-<br>(a) स्वतंत्रता (b) रूढ़िवादी धारणा<br>(c) समानता (d) इनमें से कोई नहीं<br>8.2 कथन "अंग्रेजी सबसे अच्छी भाषा है, और दूसरी भाषाएं महत्वपूर्ण नहीं हैं।" आधारित है-<br>(a) रूढ़िवादी धारणा (b) न्याय<br>(c) दोनों में से कोई नहीं (d) इनमें से कोई नहीं<br>8.3 भेदभाव तब नहीं होता है जब-<br>(a) लोगों को नीचा दिखाने के लिए कुछ करते हैं।<br>(b) उन्हें कुछ गतिविधियों में भाग लेने से रोकते हैं।<br>(c) लोगों को अपने धर्म का पालन करने, अपनी भाषा बोलने, अपने त्योहार मनाने और अपने आप को खुले रूप से अभिव्यक्त करने की आज़ादी होनी चाहिए।<br>(d) एक ही कुएँ या हैंडपंप से पानी नहीं लेने देते और दूसरों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे कप या गिलास में चाय नहीं पीने देते।<br>अथवा<br>कौन सा कथन भेदभाव से संबंधित नहीं है?<br>(a) आपकी कक्षा के बच्चे एक लड़की के साथ मिलकर खाना खाने से इनकार कर देते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि वह गंदी है।<br>(b) किसी समुदाय के खास उच्चारण का मज़ाक उड़ाते हुए कोई आपको चुटकुला सुनाता है।<br>(c) किसी खास धार्मिक समुदाय पर पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर टिप्पणी करना।<br>(d) लड़कों और लड़कियों ने एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला। | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **Read the given passage and answer the following questions.**<br>Discrimination happens when people act on their prejudices or stereotypes. If you do something to put other people down, if you stop them from taking part in certain activities and taking up jobs, or stop them from living in certain neighbourhoods, prevent them from taking water from the same well or hand pump, or not allow them to drink tea in the same cups or glasses as others, you are discriminating against them.<br><br>8.1 "Some boys make remarks about girls not being able to play games like them."<br>Boys' remarks in this situation is called-<br>(a)Liberty (b) Stereotype<br>(c) Equality (d) None of these<br><br>8.2 Statement "English is the best language and other languages are not important." is based upon-<br>(a)Stereotype (b) Justice<br>(c)Both of them (d)None of these<br><br>8.3 Discrimination does not happen when-<br>(a) Do something to put other people down<br>(b) Stop them from taking part in certain activities<br>(c) Freedom to follow their religion, speak their language, celebrate their festivals and express themselves freely.<br>(d) Prevent them from taking water from the same well or hand pump, or do not allow them to drink tea in the same cups or glasses as others<br>OR<br>Which statement is not related to discrimination-<br>(a) Children in your class refuse to share their food with a particular person because they think that she is dirty.<br>(b) Someone tells you a joke that makes fun of a community because of their accent.<br>(c) Makes a prejudicial comment about a particular religious community.<br>(d) Boys and girls play a friendly cricket match. | |


| | | |
|---|---|---|
| 9 | **दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>अफ़साना-वैसे आज भी हम सबको खेल खत्म होते ही घर पहुँचना पड़ता है। लड़के तो खेल के बाद यहाँ-वहाँ घूमकर बातें करके आराम से घर जाएँ, तो भी किसी को फ़र्क नहीं पड़ता। मैं खुद स्कूल से घर आने के बाद अपनी मम्मी के साथ दो-तीन घरों में साफ़-सफ़ाई का काम करती हूँ, फिर पढ़ाई करती हूँ। इस सबके बाद ही खेलने जा पाती हूँ। अपने घर में भी मम्मी की मदद करती हूँ। मेरे भाई को अगर चाय चाहिए और वह खुद बनाए तो माँ कहती हैं, “तीन-तीन बहनें हैं, फिर भी भाई को काम करना पड़ता है।"<br>एक लड़की-अब ज़रीन के छोटे भाई को ही देखो। यह सिर्फ पाँच-छः साल का है। वह भी बोलता है, “मम्मी तुम दीदी को क्यों भेजती हो? दीदी अच्छी नहीं लगती ग्राउंड में खेलते हुए।" अगर उससे पूछो कि तू खुद खेलेगा? तो बोलता है, “हाँ, मैं तो लड़का हूँ, खेलूँगा।"<br>9.1 अफसाना की माँ का कथन "उनकी तीन बहनें हैं। फिर भी उसे काम करना है।“ दिखाता है-<br>(a) लिंग भेदभाव (b) जाति भेदभाव<br>(c) धार्मिक भेदभाव (d) समानता<br>9.2 जरीन के छोटे भाई ने क्यों कहा "मम्मी, आप दीदी को खेलने के लिए क्यों भेजती हैं? वह मैदान पर इस तरह खेलते हुए अच्छी नहीं लगती।' !" क्योंकि उसने सोचा –<br>(a) जरीन एक अच्छी खिलाड़ी नहीं है। (b)जरीन एक लड़की है।<br>(c) जरीन की वेश-भूषा अच्छी नहीं है। (d) इनमें से कोई नहीं।<br><br>9.3 अफसाना की माँ सफाई के काम में अपने बेटे की मदद नहीं लेती क्योंकि-<br>(a) वह एक लड़का है। (b) उसे स्कूल जाना है।<br>(c) वह अच्छा खिलाड़ी है। (d) इनमें से कोई नहीं। | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **Read the given passage and answer the following questions.**<br>Afsana: Even now, we are supposed to go home as soon as we finish playing. The boys go here and there, and can chitchat till late. No one says anything. After coming from school, I help my mother with the cleaning work in two or three houses, do my studies and then come here to play. I also help at home. If my brother wants tea and he makes it for himself, then mother says, "He has three sisters. Yet, he has to work."<br>One girl: Now, just look at Zarin's younger brother. He is only five years old but he says, "Mummy, why do you send didi to play? She does not look nice playing like that on the ground." Ask him if he will play and he says, "I am a boy, of course I will play!"<br><br>9.1 Afsana's mother's statement "He has three sisters. Yet, he has to work".shows-<br>(a)Gender discrimination<br>(b) Caste discrimination<br>(c)Religious discrimination<br>(d) Equality<br>9.2 Why Zarin's younger brother said "Mummy, why do you send didi to play? She does not look nice playing like that on the ground." !" because he thought -<br>(a)Zarin is not a good player.<br>(b) Zarin is a girl.<br>(c)Zarin does not have good clothes.<br>(d) None of these.<br><br>9.3 Afsana's mother do not take her son's help in cleaning work because-<br>(a)He is a boy.<br>(b)He has to go to school.<br>(c)He is nice player.<br>(d)None of these. | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | **दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>सुनीता बताती हैं कि बचपन में उनकी खेल-कूद में बहुत दिलचस्पी थी। उन्हें तैराकी खासतौर पर पसंद थी। पढ़ाई में वे कभी सबसे आगे नहीं रहीं। सुनीता बनना तो गोताखोर (डाइवर) चाहती थीं. पर बन गईं हेलिकॉप्टर पायलट। एक दिन उन्हें किसी अंतरिक्ष यात्री से पता चला कि वे आगे पढ़ाई करें तो अंतरिक्ष में जा सकती हैं। फिर क्या था! सुनीता ने डटकर आगे पढ़ाई की, ट्रेनिंग ली और अब वे अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली पहली महिला हैं।<br>10.1 हाई स्कूल के बाद सुनीता ने क्या किया?<br>(a) तैराकी प्रशिक्षण<br>(b) शिक्षण पाठ्यक्रम<br>(c) नृत्य पाठ्यक्रम<br>(d) हेलीकाप्टर पायलट कोर्स<br>10.2 सुनीता जब छोटी थी तो उसे अच्छा लगता था-<br>(a) खाना बनाना<br>(b) किताबें पढ़ना<br>(c) खेल और तैराकी<br>(d) पेंटिंग<br>10.3 सुनीता विलियम्स द्वारा बनाया गया नया रिकॉर्ड-<br>(a) उच्चतम कूद वाली पहली महिला<br>(b) सबसे लंबी तैराकी करने वाली पहली महिला<br>(c) अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाली पहली महिला<br>(d) राजमार्ग पर सबसे लंबी ड्राइविंग करने वाली पहली महिला<br>**Read the given passage and answer the following questions.**<br>Sunita says that when she was a young girl she really loved sports and swimming. She was never too interested in studies. After high school Sunita wanted to become a diver. But she could not get into that course. Instead, she became a helicopter pilot. One day she found out that if she studied and trained for it, she could join the Space Mission. And that is what she did! In 2007 Sunita Williams set a new record for the longest space flight by a woman.<br>10.1 What did Sunita do after high school?<br>(a)Swimming Training (b)Teaching course<br>(c)Dancing Course (d)Helicopter pilot course<br>10.2 When Sunita was a young girl she loved-<br>(a)Cooking (b)Reading books<br>(c)Sports and swimming (d)Painting<br>10.3 Sunita Williams set a new record of-<br>(a)Highest Jumping by a women (b)Longest swimming by a women<br>(c)Longest space flight by a women (d)Longest driving on highway by a women | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | **दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>लगभग 12,000 साल पहले दुनिया की जलवायु में बड़े बदलाव आए और गर्मी बढ़ने लगी। इसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में घास वाले मैदान बनने लगे। इससे हिरण, बारहसिंघा, भेड़, बकरी और गाय जैसे उन जानवरों की संख्या बढ़ी, जो घास खाकर ज़िन्दा रह सकते हैं।<br>जो लोग इन जानवरों का शिकार करते थे. वे भी इनके पीछे आए और इनके खाने-पीने की आदतों और प्रजनन के समय की जानकारी हासिल करने लगे। हो सकता है कि तब लोग इन जानवरों को पकड़ कर अपनी ज़रूरत के अनुसार पालने की बात सोचने लगे हों। साथ ही इस काल में मछली भी भोजन का महत्वपूर्ण स्रोत बन गई।<br>11.1 लगभग 12,000 साल पहले घास खाने वाले जानवरों की सँख्या क्यों बढ़ने लगी?<br>अथवा<br>प्रश्न :लगभग 12,000 साल पहले कई क्षेत्रों में घास वाले मैदान बनने लगे। क्यों?<br>11.2 शिकार करने वाले जानवरों के बारे में जानकारी क्यों हासिल करने लगे?<br>11.3 मछली भोजन का महत्वपूर्ण स्रोत क्यों बन गई?<br>**Read the given passage and answer the following questions.**<br>Around 12,000 years ago, there were major changes in the climate of the world, with a shift to relatively warm conditions. In many areas, this led to the development of grasslands. This in turn led to an increase in the number of deer, antelope, goat, sheep and cattle, i.e. animals that survived on grass.<br>Those who hunted these animals now followed them, learning about their food habits and their breeding seasons. It is likely that this helped people to start thinking about herding and rearing these animals themselves. Fishing also became important.<br>11.1 What led to an increase in the animals that survived on grass around 12,000 years ago?<br>OR<br>What led to the development of grasslands around 12,000 years ago?<br>11.2 Why did the hunters start seeking information about animals?<br>11.3 Why did fish become an important source of food? | 6 |
| 12 | **खंड ड./Section E**<br>**मानचित्र आधारित प्रश्न (12)/ Map Based Question(12)** | 1x4=4 |
| | **भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर चार स्थान A, B, C और D अंकित किए गए हैं। इन स्थानों की पहचान कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुनिए।**<br>**Four places have been marked as A, B, C and D on the outline political map of India. Identify these places and choose the correct option in the following questions.** | |
| 12.1 | मानचित्र पर अंकित पुरास्थल "**A**" पहचनिए जहाँ पर गुफ़ाएँ एवं कंदराएँ मिली हैं। ये गुफ़ाएँ नर्मदा घाटी के पास है।<br>(a) भीमबेटका (b) मेहरगढ़<br>(c) बुर्जहोम (d) कुरनूल गुफ़ाएँ<br>Identify the Palaeolithic site marked "**A**" on the map with caves and rock shelters close to the Narmada valley.<br>(a) Bhimbetka (b) Mehrgarh<br>(c)Burzahom (d)Kurnool caves | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.2 | मानचित्र पर अंकित पुरास्थल "**B**" पहचनिए जहाँ राख के अवशेष मिले हैं।<br>(a)हूँस्गी (b)चिराँद<br>(c)कुरनूल गुफ़ाएँ (d)भीमबेटका<br>Identify the Palaeolithic site marked "**B**" on the map where traces of ash have been found.<br>(a)Hunsgi (b) Chirand<br>(c)Kurnool caves (d)Bhimbetka | |
| 12.3 | मानचित्र पर अंकित नवपाषाणिक स्थल "**C**" को पहचनिए जहाँ लोग गड्ढे के नीचे घर बनाते थे जिन्हे गर्तवास कहा जाता है। इनमें उतरने के लिए सीढ़ियाँ होती थी।<br>(a) भीमबेटका (b) बुर्जहोम<br>(c) कुरनूल गुफ़ाएँ (d) हूँस्गी<br>Identify the Neolithic site marked "**C**" on the map where people were built pit-houses, which were dug into the ground, with steps leading into them.<br>(a) Bhimbetka (b) Burzahom<br>(c) Kurnool caves (d) Hunsgi | |
| 12.4 | मानचित्र पर अंकित आरंभिक गाँव "**D**" पहचनिए जो गोदावरी नदी के किनारे एक था।<br>(a)ईमामगाँव (b) हूँस्गी<br>(c) चिराँद (d) मेहरगढ़<br>Identify the Early village marked "**D**" on the map near the Godavari River.<br>(a) Inamgaon (b) Hunsgi<br>(c) Chirand (d)Mehrgarh | |
| | **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर दिया गया है।** | |
| 12.1 | भारत के उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम जहाँ कुरनूल की गुफ़ाएँ स्थित हैं-<br>(a) तमिलनाडु (b) गुजरात<br>(c) जम्मू और कश्मीर (d) आंध्र प्रदेश<br>Name of the state/Union Territories of India where Kurnool caves are located is-<br>(a) Tamil Nadu (b) Gujarat<br>(c) Jammu and Kashmir (d) Andhra Pradesh | |
| 12.2 | भारत के उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम जहाँ भीमबेटका स्थित हैं-<br>(a) आंध्र प्रदेश (b) मध्य प्रदेश<br>(c) जम्मू और कश्मीर (d) उत्तर प्रदेश<br>Name of the state/Union Territories of India where Bhimbetka is located-<br>(a) Andhra Pradesh (b) Madhya Pradesh<br>(c) Jammu and Kashmir (d) Uttar Pradersh | |
| 12.3 | भारत के उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम जहाँ बुर्जहोम स्थित हैं-<br>(a) जम्मू और कश्मीर (b) हिमाचल प्रदेश<br>(c) कर्नाटक (d) आंध्र प्रदेश<br>Name of the state/Union Territories of India where Burzahom is located-<br>(a) Jammu and Kashmir (b) Himachal Pradesh<br>(c) Karnataka (d) Andhra Pradesh | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.4 | भारत के उस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश का नाम जहाँ ईनामगाँव स्थित हैं-<br>(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र<br>(c) तमिल नाडू (d) बिहार<br>Name of the state/Union Territories of India where Inamgaon is located-<br>(a) Gujarat (b) Maharashtra<br>(c) Tamil Nadu (d) Bihar | |
| |  | |